पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

9 जनवरी को पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में कुलपति सम्मेलन का आयोजन
राज्यपाल करेंगे सम्मेलन की अध्यक्षता

लखनऊः 30 दिसम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री राम नाईक ने उच्च शिक्षा में सुधार की दृष्टि से आगामी 9 जनवरी, 2016 को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों/संस्थान के कुलपतियों की बैठक बुलाई है। आगामी 9 जनवरी को आयोजित सम्मेलन में पूर्व में सम्पन्न हुई बैठकों में दिये गये निर्देशों की समीक्षा भी की जायेगी। राज्यपाल द्वारा प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु पूर्व में 5 जनवरी एवं 27 जुलाई, 2015 को बुलायी गयी थीं।

राज्यपाल द्वारा तय किये गये एजेण्डे में नैक मूल्यांकन के संदर्भ में कृत कार्यवाही, ई-गवर्नेन्स, दशमोत्तर छात्रवृत्ति, कुलाधिपति कार्यालय से संदर्भित प्रकरणों के ससमय निस्तारण, विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम में नियुक्त शिक्षकों की समस्याओं के संबंध में सेवा शर्तें तथा बार कोड आधारित डिग्रियों की छपाई की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जायेगी। बैठक में चांसलर अवार्ड, विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत स्थापित निकाय - विश्वविद्यालय सभा, विद्या परिषद एवं कार्यपरिषद के गठन, कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मियों की समस्याओं के निराकरण हेतु तिथि एवं समय का निर्धारण तथा दीक्षान्त समारोह की वेशभूषा पर भी चर्चा होगी।

सम्मेलन में बिना सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त किये विश्वविद्यालय की स्थापना के उद्देश्यों से इतर पाठ्यक्रमों का संचालन, विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में अंकतालिकाओं/उपाधियों के वितरण की अद्यतन स्थिति, कार्य परिषद की बैठकों की रिकार्डिंग, शैक्षिक सत्र 2015-16, विश्वविद्यालयों से महाविद्यालयों को प्रदान की जाने वाली सम्बद्धता तथा विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध शासकीय/अनुदानित महाविद्यालयों में शैक्षिक पदों की रिक्तियाँ एवं उनके भरे जाने की कार्यवाही की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल द्वारा समस्त राज्य विश्वविद्यालयों को ससमय दीक्षान्त समारोह के आयोजन के निर्देश दिये गये थे जिसके क्रम में अब तक 9 विश्वविद्यालयों/संस्थान के दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हो चुके हैं। जिन विश्वविद्यालयों के दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हो चुके है उनमें संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ, डाॅ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी, उ0प्र0 पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा तथा किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ हैं। दीक्षान्त समारोह में छात्रों के लिए सुविधाजनक वेशभूषा अपनायी गयी। शेष विश्वविद्यालयों के दीक्षान्त समारोह भी अपने निश्चित तिथियों पर आयोजित किये जायेंगे।